संक्षिप्त

पिकअप तुडी से भरे ट्रक से टकराई, सवार वृद्ध घायल

निवाई/ गुंसी। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गुन्सी के समीप एक रिसॉर्ट के सामने मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे एक पिकअप तुडी से भरे ट्रक से टकरा गई। जिससे पिकअप में सवार एक वृद्ध घायल हो गया। सदर थानाप्रभारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि जयपुर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तुडी से भरा एक ट्रक गलत दिशा से जयपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान उसका एक टायर जमीन में धंस गया और वो वहीं खड़ा हो गया। मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे जयपुर की ओर से आ रही एक पिकअप इस ट्रक से टकरा गई। जिससे पिकअप में सवार छावनी टोंक निवासी अब्दुल रशीद वर्ष घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर सदर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और 108 एम्बुलेंस से घायल को निवाई सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे टोंक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्षितग्रस्त पिकअप को घटनास्थल से हटाकर यातायात सुचारू करवाया।

खाद्य सामग्री के लिये सैम्पल

मालपुरा। आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उदेश्य व मिलावट खोरो पर कार्यवाही को लेकर मंगलवार को जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा जांच दल ने मालपुरा मे चार प्रतिष्ठानो पर की कार्यवाही। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक मदन लाल गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये जय भवानी मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डु, आदिनाथ ट्रेडिंग कम्पनी से वीर सेन सरसो तेल व श्री ब्राण्ड काला नमक एवं अभिषेक ट्रेडिंग कम्पनी से जाफरी पान मसाला के सैम्पल लिये गये जिन्है जांच के लिये भेजा जायेगा प्रयोगशाला। जांच दल के आने व कार्यवाही की मिली सुचना पर शहर मे कई मिलावट खोर अपने प्रतिष्ठान बंद कर इधर-उधर हो गये। मिलावट खोरो मे हडकम्प मच गया।मिलावट खोरो के साथ-साथ बिना बिल बावचर के बैची जा रही खाद्य सामग्री पर भी विभाग द्वारा ठोस कार्यवाही की जायेगी।

विभिन्न संस्थाओं ने किया चौहान का स्वागत

टोंक। कृषि मंडी में भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार व्यापारियों व मजदूरों के बारे में सोचती है कि व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो यह मेरी प्राथमिकता रहेगी। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के प्रयास को लेकर चल रही है। जब देश की विचारधारा बची रहेगी तभी किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। इसी क्रम में रीको इंड्स्ट्री यूनियन द्वारा नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चोहान का स्वागत किया गया। इस अवस पर चौहान ने कहा कि इंड्स्ट्री क्षेत्र के विकास एवं लोगों को रोजगार मिले इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। विकसित भारत में व्यापारी का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आयें।

मुकेश मीणा अध्यक्ष व रामकिशोर माली बने सचिव

निवाई। उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की दो दिवसीय सत्रांत वाकपीठ संगोष्ठी का मंगलवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर आगामी सत्र के लिए वाकपीठ संगोष्ठी के लिए मुकेशकुमार मीणा को अध्यक्ष एवं रामकिशोर माली को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर भामाशाह, पूर्व छात्र संस्था सचिव बलरामकृष्ण शर्मा, प्रधानाचार्या रेणु अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरपी ओमप्रकाश गौतम, रामअवतार स्वामी, राजेश सैनी, रामकिशन गुर्जर, सुमनलता शर्मा सहित ब्लॉक के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कोटपूतली में डीजे कोर्ट की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे वकील

वकीलों व व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने रोड़ शो निकाला।

कोटपूतली। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू किया गया आन्दोलन अब रौद्र रूप धारण करता जा रहा है। यहाँ के वकीलों समेत आमजन, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों में इस बात का आक्रोश है कि तमाम तरह की स्वीकारोक्तियों के बावजूद भी कोटपूतली की वाजिब मांग पर राज्य सरकार द्वारा संदेह की स्थिति बना दी गई है। एक ओर जहाँ जिला मुख्यालय कोटपूतली पर डीजे कोर्ट खुलवाने की मांग को लेकर अधिवक्ता जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली के तत्वाधान में विगत 21 दिनों से निरन्तर धरना प्रदर्शन के साथ-साथ पेन डाउन हड़ताल एवं क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल तक कर रहे है। इस दौरान यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में 15 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। वहीं विगत 12 दिनों से अधिवक्ता क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल भी कर रहे है। हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिये बढ़ाया गया है।

मंगलवार को संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में बदलूराम जाट, किशन यादव, सुरेन्द्र बबेरवाल, देवेन्द्र गुर्जर, के के गुर्जर आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। वहीं न्यायालय परिसर पहुँचे पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मैथली शरण बंसल, युवा रेवॉल्यूशन के अध्यक्ष एड. मनोज चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि बिल्लूराम मीणा, मीणा समाज के तहसील अध्यक्ष इंजी. दिनेश मीणा, श्री कृष्णा लॉ कॉलेज, हंस लॉ कॉलेज, निजी शिक्षण संस्थान, अखिल भारतीय योगी समाज, फल-सब्जी मण्डी, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, पार्षद सुषमा सैनी, पार्षद सीताराम सैनी, स्वच्छता सेवा दल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने डीजे कोर्ट की मांग को अपना समर्थन दिया। पूर्व संसदीय सचिव कसाना ने कहा कि यह कोटपूतली का वाजिब हक है, जो यहाँ के लोगों को मिलना चाहिये। नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मैथली शरण बंसल ने कहा कि कोटपूतली की

- **12 वें दिन भी अधिवक्ता बैठे क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल पर, 21 दिनों से पेन डाउन हड़ताल जारी**

जायज मांग में व्यापारी हरसम्भव सहयोग व आन्दोलन के लिये तत्पर है। उल्लेखनीय है कि डीजे कोर्ट की माँग को लेकर निरन्तर सम्पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है।

इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी। इस दौरान समस्त सैशन, सिविल व रेवन्यू कोर्ट में पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ न्यायिक कार्यो का बहिष्कार रहेगा। साथ ही एसडीएम, तहसील न्यायालय व सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी हड़ताल रखी जायेगी एवं समस्त स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर भी हड़ताल में शामिल रहेगें। इस दौरान अध्यक्ष उदयसिंह तंवर, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रवक्ता मुकेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी व अशोक सैनी, जितेन्द्र रावत, दयाराम खटाना, राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, अजय कुमार रोहिला, अनिल आर्य, राजेश सैनी, अनूप शर्मा, अशोक गुप्ता, के के गुर्जर, जनेन्द्र भारद्वाज, चतुर्भुज भारद्वाज, पंकज आर्य, रूपेश सेहरा, अजय कुमार, मनोज कुमार खाण्डा, मनोज पण्डित, विश्वेन्द्र सिंह शेखावत, प्रेमचंद गुर्जर, सुभाष गुर्जर समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

डीजे कोर्ट की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में वकीलों ने कस्बे के मुख्य मार्गो से मंगलवार को पैदल मार्च निकाला। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से शुरू होकर पैदल मार्च आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर पहुँचा। जिसके बाद अग्रसेन तिराहे पर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि पैदल मार्च में शामिल हुये। पैदल मार्च मुख्य चौराहे से डाबला रोड़, बानसूर कट, उमराव सिनेमा से दिल्ली दरवाजा होता हुआ मुख्य बाजारों से वापस न्यायालय परिसर पहुँचा। जहाँ अधिवक्ताओं व व्यापारियों ने आमजन व दुकानदारों से कोटपूतली बंद में हरसम्भव सहयोग की अपील की।

आशीष ने जीता नेशनल रोलबॉल में सिल्वर मैडल

श्रीमाधोपुर। महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज में नेशनल रोलबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतने पर खिलाडी आशीष लाम्बा का स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणिया ने बताया की आशीष लाम्बा पुत्र सुमेर सिंह लाम्बा, निवासी- लाम्बावाली- भोपतपुरा ने 21 वी सीनियर नेशनल रोलबॉल चैम्पयनशिप प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।इस प्रतियोगिता का आयोजन तिरूचिराप्पल्ली, तमिलनाडु में हुआ है। महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा,प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, कला संकाय प्रभारीसुशीला देवी, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार, खेल प्रभारी रामसिंह जाट के द्वारा साफा बंधवाकर, माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदानकर सम्मान किया गया। निदेशक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा किविधार्थी खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते है। मैदान में जमकर तैयारी करे। आलसी व शॉर्टकट अपनाने वाले लोगो से दूर रहे।

'नारायण दास महाराज की तपोस्थली को विकसित करें'

शाहपुरा। कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने विधानसभा में कटौती प्रस्ताव के माध्यम से प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा की अनुदान मांगों पर चर्चा की। विधायक यादव ने कहां कि मेरे द्वारा विधानसभा के द्वितीय सत्र में प्रदेश में शिक्षकों के रिक्त पदों के संबंध में पूछें गये प्रश्न के जवाब में बेहद चिंताजनक आंकड़ें सामने आये है। जिसके अनुसार प्रदेश में लगभग 28 प्रतिशत शिक्षकों के पद रिक्त है।

प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में रिक्त पदों के बावजूद सरकार द्वारा द्वितीय श्रेणी व प्रथम श्रेणी के नाममात्र 4331 पदों पर भर्ती निकालाई गयी है, जो रिक्त पदों का का मात्र 5 प्रतिशत है। शेष 95 प्रतिशत पद खाली रहने से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय हुआ है। प्रदेश के इस निर्णय से पहला बड़ा अन्याय सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ हुआ है, जिन्हें शिक्षकों के अभाव में गुणवतापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। मजबूरी में निजी स्कूलों का रुख अपनानें

- **'शाहपुरा में विधि महाविधालय स्थापित की जावे'**

के लिए विवश होना पड़ेगा जो की उनके लिए आर्थिक रूप से बड़ा कठिन कार्य है। दूसरा बडा अन्याय प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ है। विधायक ने कहा कि देश के महान संत श्री श्री 1008 श्री नारायण दास जी महाराज जिनकी निष्ठा और तपस्या की बदौलत 1977 में राजकीय महाविधालय चिमनपुरा की स्थापना हुई। विधायक ने कहा कि यह भूमि पदमश्री नारायण दास जी महाराज की तपोस्थली है। विधायक ने कहा कि सरकार महाराज श्री की तपोस्थली चिमनपुरा में कृषि महाविधालय के लिए आवंटित 100 बीघा जमीन पर पृथक से कृषि महाविधालय की स्थापना करे तथा इसे कृषि विश्वविधालय जोबनेर के संघटक महाविधालय के रूप में विकसित करे और चिमनपुरा के कृषि संकाय के फार्महाउस में कृषि अनुसंधान और कृषि विज्ञान केन्द्र जैसी सुविधाएं स्थापित करे। विधायक यादव ने कहा कि शाहपुरा उपखण्ड में दो एडीजे कोर्ट, एक एसीजेएम कोर्ट तथा एक एमजेएम कोर्ट संचालित है। क्षेत्र के बहुत सारे विद्यार्थीयों कानून

की पढाई करनें के लिए जिले में एक भी विधि महाविधालय नही होने के कारण जिले से बाहर जाना पड़ता है इसलिए शाहपुरा में उपखण्ड स्तर पर विधि महाविधालय की स्थापना की जावे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के राडावास महाविधालय में यूजी स्तर पर विज्ञान संकाय नही होने के कारण क्षेत्रों के विधार्थियों को विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए जयपुर अथवा चिमनपुरा ही एक मात्र विकल्प बचता है। सीटों के अभाव में विधार्थियों को नॉन कोलेज पढाई करनी पढ़ती है। इसलिए सरकार राजकीय महाविधालय राडावास में यूजी स्तर पर विज्ञान संकाय सृजित करे तथा साथ ही यूजी स्तर पर इतिहास संकाय भी सृजित करे।

एक रात में तीन जगह से केबल-स्टार्टर चोरी

पावटा। उपखंड पावटा क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार रात को चोरों ने तीन अलग-अलग स्थानों पर बोरिंग से बिजली की केबल, कटआउट और स्टार्टर चोरी कर लिए। यह वारदात ग्राम पंचायत बड़नगर के राजस्व ग्राम अवधपुरी में हुई। ग्राम पंचायत बड़नगर सरपंच रामकरण यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़नगर के राजस्व ग्राम अवधपुरी में सोमवार रात को चोरों ने तीन अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसमें शंकरलाल यादव पुत्र हनुमान सहाय, महेश यादव पुत्र किशनाराम, गिरधारी पुत्र मूलचंद जाट के खेतों में अज्ञात चोर बोरिंग से बिजली की केबल, कटआउट और स्टार्टर चोरी कर ले गए। चोरी का पता तब चला जब सुबह किसान फसल में सिंचाई के लिए बोरिंग चालू करने गए। चोरी की सूचना पीड़ित किसानों ने सरपंच रामकरण यादव को दी। चोरी की सूचना पाकर सरपंच रामकरण यादव ने घटना की जानकारी प्रागपुरा थाना पुलिस को दी।

महाकुंभ से सेवा कर लौटे संतों का किया स्वागत

कोटपूतली। कस्बे के श्री अवध बिहारी मंदिर के महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालेश्वरदास महाराज के प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिन का सेवा शिविर पूर्ण कर वापस लौटने पर मंगलवार को उनका शॉल ओढ़ाकर, दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ में कैंप का आयोजन श्री गुरु कृपा श्री अवध बिहारी मंदिर कोटपूतली द्वारा संचालित किया गया।

मैथली शरण बंसल ने महामंडलेश्वर बालेश्वर दास महाराज का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। समाजसेवी महेश मीणा द्वारा साधु संतों का माला पहनाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने श्री अवध बिहारी मंदिर महंत बालेश्वर दास महाराज एवं मंदिर पुजारी नरहरि दास महाराज का माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रयागराज महाकुंभ में बाहर से आये भक्तों के रहने

महात्माओं का स्वागत करते लोग।

की आवास की व्यवस्था के साथ-साथ दोनों समय के भोजन प्रसादी एवं नाश्ते की समुचित व्यवस्था की जाती थी। शिविर में कोटपूतली एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों से लोग पहुंचे। शिविर में अनवरत रूप से कथा एवं हवन पूजन का आनंद भक्तों ने उठाया। एक दिवसीय श्री रामोचन पूजन का भी आयोजन किया गया। सेवा शिविर में बजरंग दास, हरिदास महाराज ने व्यवस्थायें संभाली। शिविर में श्री श्री 108 जनार्दन दास महाराज, महंत कमलदास महाराज, शनि महाराज, दीनदयालु दास महाराज एवं अन्य साधु संत उपस्थित रहे। इस मौके पर समाजसेवी अमरनाथ बंसल, हेमंत मोरीजावाला, राहुल मंगल, आशीष मित्तल, गिरवर शर्मा व अमित सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे

दो दिवसीय सत्यम कार्यक्रम का उद्घाटन

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को राज्य सरकार के सडक सुरक्षा विभाग एवं डब्ल्यूएचओ तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिये दो दिवसीय सत्यम कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

जिसमें स्थानीय दोनों महाविद्यालयों तथा राजकीय महाविद्यालय विराटनगर के कुल 50 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को सडक दुर्घटना तथा जीवन में अन्य दुर्घटनाओं का प्राथमिक उपचार तथा सुरक्षा कैसे करें। दुर्घटनाओं के कारण और निवारण के उपाय बतायें। अध्यक्षता करते हुये डॉ. आर के सिंह ने सर्वप्रथम सत्यम दल के सभी सदस्यों तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. सिंह ने कहा कि आज भौतिकवादी युग में हमारा जीवन मशीन की तरह हो रहा है। हमारा खान-पान और जीवन शैली बदल रही है। इसके चलते असामयिक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। भारत में बीपी और शुगर के रोगी सबसे ज्यादा हैं। हमें इस भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वयं और दूसरों के कैसे बचायें और स्वस्थ रखें। इसके लिये ऐसे कार्यक्रम से सीखा जा सकता है। सत्यम कार्यक्रम की मैनेजर व मुख्य वक्ता ट्रैनर रूपा रावत सिंघवी ने कार्यक्रम का परिचय देते हुये इसके महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपाय बतायें। उन्होंने कार्डिक अरेस्ट, हार्ट अटैक, मिर्गी के दौरे, जलना, डूबना, ब्रैन स्टोक, रेबीज, सर्पदंश, हिट वैव, सडक दुर्घटना आदि अनेक आपात स्थितियों से कैसे निपटा जायें के बारे में विस्तार से बताया तथा सीपीआर कैसे दी जाये के बारे में प्रैक्टिकल करके बताया। ट्रैनर रवि जोशी ने भी बीच बीच में डेमो करके बताया। मंगलवार को जिन शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है वे बुधवार 05 मार्च को 300 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे।

'आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता'

अलवर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में गांव-ढाणी तक आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है।

इसी कडी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार राजकीय अस्पतालों में आने वाले वृद्धजनों को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला अस्पतालों में वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लिनिक) 'रामाश्रय' के नाम से स्थापित किए गए। वहीं मनोरोगियों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूर्व में स्थापित वार्डों का उन्नयन कर 'नया सवेरा वार्ड' नाम दिया गया हैं।

'रामाश्रय' में वृद्धजनों के लिए ये सुविधाएं उपलब्ध : राजकीय सामान्य चिकित्सालय अलवर के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि रामाश्रय वार्ड में अब तक 1160 मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं से लाभान्वित करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इन रामाश्रयों में वृद्धजनों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इन वार्डों में 16 बैड हैं।

हर बैड के बीच पार्टीशन कर परदे लगाए गए हैं। बैड के पास नर्सिंग अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में वृद्धजन तुरंत नर्सिंग स्टाफ को बुला सकें। वार्ड में महिला एवं पुरूष रोगियों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं। इन शौचालयों में ग्रेब-बार लगाए गए हैं। वार्ड में फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियाथैरेपी से संबंधित उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई है।

इनमें शॉर्ट वेव डायाथर्मी, अल्ट्रासाउण्ड थैरेपी, सरवाइकल ट्रैक्शन, पैल्विक ट्रैक्शन, ट्रांस इलेक्ट्रिक नर्व स्टिमुलेटर जैसे उपकरण शामिल होने के साथ ही वार्ड में व्हील चेयर, ट्रोली, मेडिसिन कैबिनेट एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर की सुविधा की गई है।

उन्होंने बताया कि वार्ड का एक नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो वार्ड की समस्त व्यवस्थाओं का प्रबंधन संभालेगा। इसके साथ ही वार्ड में रोगियों की देखभाल के लिए अलग से नर्सिंग स्टाफ तथा साफ-सफाई के लिए कार्मिक नियोजित किए गए हैं।

वृद्धजनों को आईपीडी के समय विशेषज्ञ सेवाएं वार्ड में ही उपलब्ध होंगी। जांच के लिए सैम्पल भी वार्ड से ही एकत्र किए जाएंगे तथा रिपोर्ट भी बैड पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी। वृद्धजनों के उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, फिजियोथैरेपिस्ट एवं अन्य कार्मिकों के दूरभाष नंबरों की सूची वार्ड के बाहर प्रदर्शित की गई है।

'नया सवेरा वार्ड' में मनोरोगियों के लिए ये सुविधाएं उपलब्ध : उन्होंने बताया कि नया सवेरा वार्ड में अब तक 770 मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं से लाभान्वित करवाया गया है। उन्होंने बताया कि नया सवेरा वार्ड में मनोरोगियों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस वार्ड में 8 पुरुष बेड एवं 8 महिला बेड सहित कुल 16 बेड उपलब्ध हैं।

वार्ड में ही मरीजों को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है तथा जांच एवं दवाइयां भी उपलब्ध हैं। वार्ड में आवश्यकता अनुसार मरीज को बेड पर ही चिकित्सक के द्वारा उपचार एवं परामर्श दिया जाता है। यह वार्ड सर्वसुविधा युक्त हैं।आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की।

आम सूचना सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्यगण विनोद कुमार पुत्र श्री भैरूराम एवं ताजवन्ती देवी पत्नी विनोद कुमार पता-285 शिवाजी नगर-बी ब्लाक कच्ची बस्ती, शास्त्री नगर, जयपुर का पुत्र रविकुमार मेरे अभिभाष्यगण के कहने मे नही है तथा मेरे अभिभाष्यगण के साथ गाली गलौच, मारपीट एवं अमानवीय व्यवहार करता है इसलिए मेरे अभिभाष्यगण उसे अपने स्वामित्व की समस्त चल-अचल सम्पत्ति के अधिकारो से बेदखल करते हैं उससे अब कोई सम्बन्ध नही रहा। कोई भी व्यक्ति भविष्य मे मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र रवि कुमार से कोई लेन देन एवं सम्बन्ध रखता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे।
जयपुर (सुरेश कुमार थानका) एडवोकेट
दिनांक मो. 9828373318

राजस्थान उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6441 दिनांक-20.02.2025
जाहिर आम-सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास/फ्लैट संख्या 64/311 (EWS), का आवंटन श्री राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल पुत्र श्री रामेश्वरम खण्डेलवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1526 दिनांक 30.04.1992 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 660/719 दिनांक 24.04.2013 के द्वारा श्रीमती कमलेश गुप्ता पत्नी श्री परमेश्वर दयाल गुप्ता के पक्ष में किया गया। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 24.06.2013 को कर दिया गया। श्रीमती कमलेश गुप्ता द्वारा उक्त आवास को श्री धिनेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामेश्वरम गुप्ता को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 23.02.2015 को उप पंजीयक सामानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री धिनेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल में रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस कार्यालय के आवेदन क्रमांक 10144 दिनांक 23.03.2017 के द्वारा मण्डल रिकॉर्ड में इनका नाम दर्ज किया गया। श्री धिनेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को श्रीमती सुधा जैन पत्नी श्री सुनील कुमार जैन को दिनांक 18.02.2019 को विक्रय कर विक्रय पत्र उप पंजीयक दशम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता श्रीमती सुधा जैन पत्नी श्री सुनील कुमार जैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती सुधा जैन पत्नी श्री सुनील कुमार जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

प्रपत्र-5(नियम 6(2) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल जोबनेर जयपुर
सं. 2597 **लोक सूचना** दिनांक-03.03.2025
श्री द्रिलेश महलोत पुत्र श्री नारायण महलोत, निवासी हाईपो. बम्बारिया, सांगानेर जयपुर ने नीचे वर्णित भूमि मे के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण सामिल पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका पक्ष मे अभ्यर्थित कर दिये है।
जिले सहित नगर का नाम-बबेवालो की ढाणी जोबनेर जिला जयपुर, ग्राम का नाम-राजस्व ग्राम बबेरवालो की ढाणी तहसील जोबनेर, खसरा नं.-1065/857, क्षेत्र-6057 वर्गमिटर
इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिमुक्ति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिमुक्ति अधिकारो के निर्धारण पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक..... को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका जोबनेर

रजि.सं. 2077/L :**आम सूचनाः** क्र.SP1 दि.4.3.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि समिति की योजना गणेश नगर स्थित श्योपुर, सांगानेर जयपुर में भूखण्ड सं.-144-बी एरिया 120 वर्गगज (18x60) का आवंटन दि.30.04.1995 को प्रभूनारायण शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा को किया गया था। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का विक्रय होने पर भूखण्ड सं. 144-बी का हस्तान्तरण श्रीमती संती देवी मीणा पत्नी श्री पूरण चन्द मीणा निवासी ग्राम मोरण्डी, तहसील बस्सी जयपुर को दि.30.11.1996 को किया गया था। उक्त भू. सं. 144-बी के मूल कागजात गुम होने (गुमशुदगी) की रिपोर्ट दिनांक 24.02.2025 को श्रीमती संती देवी मीणा की ओर से उनके पति पूरण चन्द मीणा ने थाना प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर पूर्व में करवाई है, जो रजिस्टर क्रमांक 99 पर दर्ज है। श्रीमती संती देवी मीणा पत्नी श्री पूरण चन्द मीणा द्वारा एक प्रार्थना पत्र, मय शपथ पत्र एवं गुमशुदगी रिपोर्ट सहित समिति में डुप्लीकेट कागजात जारी करने बाबत आवेदन किया है। अतः किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक इत्यादि को भू. सं.-144-बी गणेश नगर स्थित श्योपुर, सांगानेर जयपुर के डुप्लीकेट कागजात समिति द्वारा जारी करने में कोई आपत्ति/एतराज हो तो सूचना प्रकाशन के 10 दिवस में समिति कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश करें अन्यथा समय मियाद गुजरने के बाद डुप्लीकेट कागजात समिति द्वारा जारी कर दिये जावेंगे। उसके बाद समिति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे। मंत्री,
श्यामपुरी गृह निर्माण सह. समिति लि.जयपुर मो. 9829044540

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6816 दिनांक-04.03.